## खबर संक्षेप

### शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में लगाया गया रक्तदान शिविर



**बिछुआ:** वीर अमर शहीद स्व.श्री कबीरदास उइके शासकीय महाविद्यालय बिछुआ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई,राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 14 अक्टूबर 2025 को प्राचार्य डॉ. आर.पी.यादव एवं आईक्यूएसी संयोजक डॉ.अजीत डेहरिया के मार्गदर्शन में एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.नवीन कुमार चौरसिया (पुरुष इकाई),डॉ.नसरीन अंजुम खान (महिला इकाई) एन.सी.सी लेफ्टिनेंट श्री रघुवीर उईके स्पोर्ट्स अधिकारी डॉ.नीरज खंडागले के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा एवं स्वास्थ्य केंद्र बिछुआ के संयुक्त प्रयास द्वारा महाविद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एनएसएस स्वयंसेवक अक्षय मरावी,अभिजीत पहाड़े,सूजल यादव,करण वर्मा,एनसीसी के छात्र मेहपाल भलावी,अतुल रघुवंशी इत्यादि छात्र एवं महाविद्यालय के स्टाफ द्वारा 12 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर डॉ.खेमकरण साहू पैथोलॉजिस्ट ब्लड बैंक छिंदवाड़ा के द्वारा महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को ₹रक्तदान सबसे बड़ा महादान₹ विषय पर संबोधित किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं का रक्त परीक्षण कराया गया एवं रक्त संबंधी होने वाली बीमारियों के बारे में व उनसे बचाव को विस्तृत से बताया तथा हीमोग्लोबिन की जाँच कराई गई। इस दौरान छिंदवाड़ा से काउंसलर अभिकांत बेले,श्रीमती गीता राय,नर्सिंग ऑफिसर,श्री संतोष पाटिल लैब टेक्नीशियन,श्री मोहित चौकसे ट्रेनर का रक्तदान शिविर में सराहनीय योगदान रहा। इस शिविर में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## वेयर हाउस संचालक से मांगे थे 1 लाख, लोकायुक्त की बड़ी कार्यवाही

# सहकारी समिति प्रबंधक को 59 हजार लेते लोकायुक्त ने पकड़ा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

जिले में भ्रष्टाचार इस कदर फल फूल रहा है कि आम जन बेहद परेशान हैरान है। लगभग हर 15 दिन एक माह के अंतर में कोई न कोई लोकायुक्त की गिरफ्त में ट्रैप हो रहा है। अभी हाल ही में महिला बाल विकास विभाग की तीन सुपरवाइजर सहित एक महिला परियोजना अधिकारी लोकायुक्त की गिरफ्त में आई थी और मंगलवार को पुन: लोकायुक्त ने तामिया के रिश्वतखोर मुनीम प्रसाद पटेल को धरदबोचा।

भ्रष्टाचार निवारण के लिए लोकायुक्त की कार्यवाही सतत जारी है। पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त श्री योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश पर जबलपुर लोकायुक्त इकाई ने तामिया में ट्रेप कार्यवाही कर सहकारी समिति के प्रभारी प्रबंधक को 59 हजार लेते पकड़ा। तामिया मुख्यमार्ग में माता मंदिर के सामने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा तामिया में दोपहर लोकायुक्त जबलपुर टीम ने 2:30 बजे कार्यवाही की। झिरपा निवासी आवेदक वेयर हाउस संचालक हरीश राय पिता रमेश राय उम्र 26 वर्ष ने लोकायुक्त को शिकायत की थी। इसके बाद लोकायुक्त टीम जबलपुर ने आदिम जाति एवं सेवा सहकारिता समिति मर्यादा झिरपा के प्रभारी समिति प्रबंधक आरोपी मुनीम प्रसाद पटेल पिता बाबूलाल पटेल उम्र 55 वर्ष को 59000 की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। आवेदक हरीश राय का झिरपा में श्री हरि नाम से वेयरहाउस है। वेयर हाउस मैं भंडारण को सुचारू रूप से चलने देने एवं ब्लैक लिस्ट में न डालने के एवज में आरोपी मुनीम प्रसाद पटेल द्वारा 59000 की रिश्वत की मांग की जा रही थी।जिसे सत्यापन उपरांत आज दिनांक 14.10.2025 को आरोपी मुनीम प्रसाद पटेल प्रभारी समिति प्रबंधक को 59000 की रिश्वत लेते हुए जिला सहकारी बैंक तामिया जिला छिंदवाड़ा ने रंगे हाथ पकड़ा गया ।आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन)2018 की धारा-7, 13(1)B, 13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है।लोकायुक्त जबलपुर की ट्रेप टीम में निरीक्षक उमा कुशवाहा, निरीक्षक रेखा प्रजापति,निरीक्षक जितेंद्र यादव एवं स्टाफ शामिल रहा।

## कलेक्टर ने ली जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक

# जल निगम रोड रेस्टोरेशन के कार्य में गंभीरता से ध्यान दें: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिले में संचालित जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में म.प्र. जल निगम परियोजना क्रियान्वयन इकाई छिंदवाड़ा के महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड छिंदवाड़ा एवं परासिया के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं उप यंत्री उपस्थित थे।

### पहले हर गांव जाकर चिन्हांकित करें समस्या

कलेक्टर श्री नारायन ने जिले में चल रहे जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक ग्रामीण के घर तक नल-जल कनेक्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री नारायन ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अधिकारी फील्ड में जाकर पहले हर गांव में पता करें कि पेयजल के सुचारू संचालन में वर्ष में कब-कब और क्या समस्या आती है, इसका चिन्हांकन कर डेटा बेस तैयार करें। ग्रामीणों की पेयजल सम्बन्धी समस्या को अनसुना न करें। हर गांव की स्पेसिफिक समस्या की जानकारी आपके पास होगी, तभी पुख्ता समाधान किया जा सकता है। हमें हर घर तक पेयजल की वर्ष भर सप्लाई सुनिश्चित करना है। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां घरों में कनेक्शन हो चुके हैं, वहां मानक गुणवत्ता के पेयजल की ही सप्लाई सुनिश्चित करें। शेष कार्यों को भी गति और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रत्येक सप्ताह समीक्षा की जाएगी।

### रोड रेस्टोरेशन का कार्य हो गुणवत्तापूर्ण

कलेक्टर श्री नारायन ने जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि माचागोरा ग्रामीण जल प्रदाय योजना के पूर्णता के लक्ष्य को समय सीमा में पूरा करने के लिए कार्य में गति लाई जाए और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए।

## पंचायत के स्वागतद्वार के पास राहगीरों को सड़क पार करते दिखा तेंदुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया रेंज के अंतर्गत आने वाले कुआं बादला सर्कल के जंगल की नदी नलों में रेत के अवैध उत्खनन करने वाले दर्जनों वाहन नदी नालों में रात भर रेत निकालते हैं। इन वाहनो के शोर से वन्य प्राणी विचलित हो रहे हैं और वह गांव की और भाग रहे हैं। ऐसा ही एक उदाहरण आज शाम को लगभग 7:00 बजे तामिया पंचायत के स्वागत द्वार से कुछ दूरी पर तेंदुए को सड़क पार करते लोगों ने देखा। जिस कारण आसपास के रहने वाले लोगों में दहशत का वातावरण निर्मित हो चुका है। लोग तेंदुओं को देखने पहुंचे लेकिन तब तक तेंदुआ जंगल की ओर जा चुका था, वही जिन्होंने तेंदुए को सड़क पार करते देखा है। उन्होंने दहशत में आकर ग्रामीणों को बतलाया कि तेंदुआ की आमद तामिया से लगे रहवासीयो मैं दहशत व्याप्त हो चुकी है।

## बिजली कटौती से हो रहे ग्रामीण परेशान, सौंपा ज्ञापन

**सौंसर।** मंगलवार को बिजली की समस्या से ग्राम करमाकड़ी के परेशान किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी सौसर को ज्ञापन सोपकर समस्या का समाधान करने की मांग की है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसारग्राम करमाकड़ी क्षेत्र में किसानों को सिंचाई करने में बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं,बिजली दिन में सीमित मात्र में मिल रही हैं,उसमें भी कभी फ्यूज जा रहे हैं तो कभी ट्रांसफार्मर में परेशानी आ रही तो कभी कटौती की जा रही हैं।अभी किसानों का सिंचाई करने का प्रमुख समय है अभी सिंचाई नहीं हुई तो फसल अच्छी नहीं होगी ना अच्छा उत्पादन होगा ना किसान खुशहाल रहेगा कर्जे में आयेगा ऐसा ना हो इस लिए कई बार ग्रामवासियों ने शिकायतें कि ज्ञापन दिए आज 3साल हो गए सारी फॉर्मेलिटी कि फिर भी आज तक इस समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ इस लिए आज सभी आक्रोशित ग्रामवासियों ने ज्ञापन में जल्द समस्या का निवारण करने की माग की है। समस्या का समाधान ना होने पर ग्रामवासी किसान आंदोलन किया जाएगा।इस दौरान मनोज येलमुले, विश्राम भोयर।, कैलाश कूड़े, राजा बोडे, चेतन गोहने, सूरज फुलजले, मंगल बेटेकर, किशोर गोहने, जगदीश तेलंगे, आदि उपस्थित थे।



## आज आयेंगे बाल ब्रह्मचारी सुमतप्रकाशजी जैन

**छिंदवाड़ा।** अहिंसा के प्रणेता वर्तमान शासन नायक 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान के मंगलकारी निर्वाण महोत्सव पर श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के मंगल आमंत्रण पर जैनदर्शन के प्रकांड विद्वान एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत बाल ब्रह्मचारी पंडितश्री सुमतप्रकाशजी जैन का नगर आगमन आज बुधवार 15 अक्टूबर को हो रहा है। श्री वीर प्रभु के मंगलकारी निर्वाण महोत्सव की खुशी में मंडल एवं फेडरेशन के तत्वावधान में 6 दिवसीय अणुव्रत साधना शिविर का आयोजन नगर के वीतराग भवन गोल गंज में 16 से 21 अक्टूबर तक किया गया है।

## होटल-ढाबों और अवैध मदिरा के ठिकानों पर आबकारी दल की कार्रवाई लगातार जारी

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी अजीत एक्का के मार्गदर्शन में जिले के आबकारी अमले द्वारा प्रातः के समय ग्राम पठराखोकर, झाला कुही, पालाखेड़, गड़मऊ में दबिश देकर आरोपी कमलेश उइके के कब्जे से 12 लीटर, शबाना खान से 08 लीटर, कैलाश घाघरे से 12 लीटर, कमलाबाई उइके से 10 लीटर हाथ भट्टी महुआ मदिरा बरामद की गई । इन आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 के तहत प्रकरण दर्ज किए गए। गत रात्रि में भी शहर के आबकारी अमले द्वारा शहर और रिंगरोड के आसपास के विभिन्न होटल ढाबों की तलाशी लेकर 02 ढाबों में कार्यवाही कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 36 के तहत कार्यवाही कर प्रकरण दर्ज किए गये। यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री कैलाशचंद्र चौहान, श्री गौरव पांडे, श्री आकाश मेश्राम, श्री हर्ष सोनी सहित आबकारी अमला उपस्थित था।



## अल्प प्रवास पर तामिया में रुके राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल

**तामिया।** रविवार शाम को मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल अल्प प्रवास पर मोटल तामिया में रुके । छिंदवाडा से भोपाल राज्यमार्ग 62 में शाम को सड़क किनारे हास्पेटीलिटी एसेंशियल कंपनी के मोटल तामिया में अल्प प्रवास पर आसपास की हरियाली और तामिया का मौसम देखकर मंत्री श्री पटेल आंनदित हुए। तामिया दर्शन को लेकर उन्होंने जानकारी ली। मोटल में अल्पाहार के बाद मोटल कर्मचारियों के साथ बातचीत की इस दौरान उन्होंने मोटल प्रबंधक अरबाज खान एंव स्टाफ रितेश चौबीतकर,अंकित खुराना, राजपाल ऊइके,हेमन्त,इन्दर सोनी,नीतेश पवार,आनद नागवंशी,शेरसिंह के आग्रह पर सभी के साथ यादगार तस्वीर ली। तामिया मोटल में छिंदवाडा से वापसी के दौरान रुके। राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल रविवार को छिंदवाड़ा के परासिया एंव विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर कफ़ सिरप प्रकरण में दिवंगत मासूम बच्चों के परिवारजनों से भेंट की एवं शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें ढांढ़स बंधाया। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मिलकर बताया कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ इस घटना के दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है। दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होगी। संकट की घड़ी में प्रदेश सरकार पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है।



# पंचायत आपके द्वारा गरीबों के बनेंगे पीएम आवास

### पंचायत बरारिया वार्ड क्रमांक 1 में पंचायत पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



मंगलवार पंचायत आपके द्वार क.ार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरारिया के वार्ड क्रमांक एक इंदिरा कॉलोनी में ग्राम पंचायत सरपंच मोहन कहार, सचिव दुबेलाल बारसिया, सहायक सचिव कैलाश ऊइके ने वार्ड में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या हल कर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के प्रस्ताव लिए ।अधिकांश ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान निर्माण की बात रखी,जिसमें सचिव दुबेलाल बारसिया ने ग्रामीणों को बताया पीएम आवास की सूची आते हैं । पात्र हितग्राहियों लाभ दिया जाएगा ।,इसके अलावा रंगमंच निर्माण, विधवा विकलांग पेंशन का लाभ दिलाने, स्ट्रीट लाइट लगवाने ,पेयजल व्यवस्था,राशन कूपन, गरीबी रेखा में नाम जोड़ना,,उज्जवला गैस कनेक्शन सहित अन्य मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की मांग रखी गई इसमें सरपंच मोहन कहार ने इन समस्याओं को शीघ्र निदान करने की बात कही । ग्राम पंचायत सरपंच मोहन कहार ने कहा की मंगलवार पंचायत आपके द्वारा कार्यक्रम के माध्यम से वह हर मंगलवार किसी एक वर्ड ड में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनते है और मौके में हल कर रहे है। शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का ग्रामीणों को लाभ मिल सके इसके लिए ग्राम पंचायत बरारिया में यह कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों से मिलकर हितग्राही मूलक और सार्वजनिक समस्याओं को हल किया जाता है। ,इस कार्यक्रम में वार्ड पंच,सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए ।

# पुलिस राजस्व विभाग ने दिन के उजाले में ओवरलोड निकल रहे रेत के ट्रैक्टर को पकड़ा

### हरिभूमि की खबर पर तीन दिन में रेत चोरी पर दोबारा हुई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया




तामिया तहसील में खुलेआम दिन के उजाले में हो रही रेत की चोरी के कारण शासन, प्रशासन एवं स्थानीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे थे कि सारे अधिकार होने के बावजूद अदना से रेत चोरआखिर किसकी शह पर दिन के उजाले में रेत के ओवरलोड वाहन निकल रहे थे। इस आशय के समाचार हरिभूमि लगातार प्रकाशित करता चला रहा है। इसका नतीजा यह हुआ की पिछले कुछ दिन पूर्व खानिज निरीक्षक ने बेलगांव का ट्रैक्टर रेत ले जाते पड़कर थाने में खड़ा करवाया था। इस आशय का भी समाचार हरिभूमि ने प्रकाशित किया था जिसमें हरिभूमि ने खुलेआम शासन प्रशासन को चुनौती देने वाले रेत चोरों का खुलासा किया था।

हरिभूमि की खबर के बाद आज अल सुबह दिन के उजाले में रेत का ओवर लोड ट्रैक्टर रेत लेकर निकल रहा रहा था जिसको पुलिस एवं राजस्व विभाग ने तहसील कार्यालय के आगे घेराबंदी कर इस ट्रैक्टर को पकड़ा और उसे थाना अभिरक्षा में खड़ा करवाया। इस तरह इन दो कार्रवाई से सिद्ध हो गया की रेत की चोरी लगातार हो रही है, वहीं हरी भूमि की खबर का दूसरे दिन भी असर देखने मिला और खबर के बाद रेत के ट्रैक्टर पर कार्रवाई हुई। यदि प्रशासनिक अधिकारी इसी तरह रेत चोरी पर कार्रवाई करते रहेंगे? तो निश्चित ही रेत की चोरी पर पूर्णता अंकुश लगेगा और शासन प्रशासन की छवि पर जो यह रेत चोर जो दाग लग रहे थे उससे भी मुक्ति मिलेगी। अब देखना यह है कि पुलिस और राजस्व विभाग ने तो करवाई की अब बारी है। खनिज निरीक्षक की वो इस रेत चोरी पर कैसे अंकुश लगाती हैं क्योंकि पूर्ण रूप से जिम्मेदारी रेत के अवैध व्यवसाय चोरी परिवहन पर खनिज विभाग का जिम्मा शासन ने दे रखा है वो कितनी खरी उतरती है। यह तो उनकी कार्य प्रणाली से ही तय हो पाएगा।

## प्रशासन पूरी तरह अलर्ट, स्वास्थ्य विभाग पहुंचा ग्राम रजोला

# उल्टी दस्त और बुखार के दर्जनों मरीजों के निकलने से गांव में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी (जाहिद मंसूरी)

सिंगोड़ी के समीप ग्राम रजोला में मंगलवार को अचानक उल्टी दस्त और बुखार के दर्जनों मरीजों के निकलने से गांव में हड़कंप मच गया वही इस मामले को लेकर शासन प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट हो गया था एसडीएम सहित स्वास्थ्य विभाग पीएचई और पुलिस बल यहां पहुंचा था जिसके बाद शाम तक पूरे गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने उक्त बीमारी से संबंधित मरीजों को देख कर दवाइयां दी गई है जिससे हालात सामान्य बताए जा है। ग्रामीणों ने बताया की तीन चार दिनों से अलग अलग घरो में उल्टी-दस्त और बुखार के मरीज के देखे जा रहे थे फिर दो दिनों से अचानक बढ़ जाने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया था। जिसके बाद ग्रामीणों ने शासन प्रशासन और मीडिया कर्मियों को इसकी सूचना दी थी।


### पानी की टंकी और स्त्रोत कुआ में पशु और पक्षी मरे पड़े हैं

ग्रामीणों ने बताया कि पानी की टंकी और स्त्रोत कुआ में पशु और पक्षी मरे पड़े हैं जिससे पानी दूषित हो गया है। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने स्थानीय सरपंच सचिव के खिलाफ सरपंच सचिव हटाओ के नारे अधिकारियों के सामने लगाए। तथा पेय जल संसाधन और पानी की टंकी कुआ को साफ करवाने और स्वच्छ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग अधिकारियों से की है। वही ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच की लापरवाही के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने बताया कि दूषित पानी को लेकर कुछ लोगो सीएम हेल्प लाइन में भी शिकायत की थी और कई बार सरपंच को अवगत कराया गया था बावजूद इसके इस तरफ किसी ने भी ध्यान नहीं दिया और गावों में अब छोटे बड़े सब बीमार पड़े है।



### अधिकारियों ने देखा कुआ में पड़े मिले मृत पशु पक्षी

अमरवाड़ा अनुविभागीय राजस्व अधिकारी हेमकरण धुर्वे बीएमओ करुष ठाकुर और पीएचई के अधिकारियों ने ग्रामीणों की शिकायत पर जल स्त्रोतों के लिए शासकीय कुआ में और टंकी की नियमित सफाई नहीं कीए जाने की जाती है, जिससे इसमें पशु और पक्षी गिरकर मर जाते हैं और पानी दूषित हो जाता है। इससे उल्टी-दस्त और बुखार जैसे जलजनित रोग फैल रहे हैं। इस मामले में एसडीएम ने सरपंच को बुलाने को कहा मगर वह नही आई तो सचिव को जमकर फटकार लगाते हुए दो दिनों में सफाई करने और कुआ पानी टंकी को ढाकने निर्देश दिया गया।



### उल्टी-दस्त और बुखार के मरीजों का इलाज शुरू किया

इस बीच स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में पहुंची और उल्टी-दस्त और बुखार के मरीजों का इलाज शुरू किया। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दूषित पानी पीने से ही यह बीमारी फैली है और वे पानी की टंकी को साफ करवाने और स्वच्छ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। शाम तक 180 घरों का सर्वे किया गया जिसमे 58 मरीज उल्टी दस्त के मिले है जिन्हे दवाइयां वितरित किया गया। वही बुधवार को पुनः घर घर जाकर सर्वे किया जाएगा अगर कोई मरीज ज्यादा बीमार मिलता है तो उसे तुरंत भर्ती किया जाएगा।

### इनका कहना है

उल्टी दस्त दूषित पानी के पीने की वजह से हुआ है जलस्त्रोतो को साफ किया जा रहा है, स्वास्थ्य विभाग पीएचई और पंचायतों को निर्देश दिया गया है। सम्पूर्ण मामले में नजर रखी जा रही है। लोग ज्यादा बीमार नही है।

हेमकरण धुर्वे, एसडीएम अमरवाड़ा

## अधिवक्ता संघ और हम फाउंडेशन एवं कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

# पांढुर्णा में कलेक्टर कार्यालय जहां का तहां बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

पांढुर्ना जिले का कलेक्टर कार्यालय फिलहाल कृषि उपज मंडी कार्यालय संचालित हो रहा और इसके इर्द-गिर्द काफी शासकीय कार्यालय है। इसी शासकीय भूमि पर नया कलेक्टर कार्यालय बनाया जाना पांढुर्ना जिले के सौंसर, पांढुर्ना और नांदनवाडी की जनता के लिए सर्वसुलभ और सुविधाजनक रहेगा ना कि शहर से बाहर कहीं और बनाया जाना। इस आशय का ज्ञापन हम फाउंडेशन भारत, तहसील अधिवक्ता संघ तथा कांग्रेस ने नवागत कलेक्टर निरज कुमार वशिष्ठ को दिया। इन तीनों संगठनों के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर महोदय से इस संबंध में काफी देर चर्चा की। कलेक्टर पांढुर्ना ने सभी की बात धैयपूर्वक सूनी और कहां कि यहां मेरी पोस्टिंग नई है इसलिए मै पहले इस मामले का अध्ययन करता हूं। कल जिला प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर का पांढुर्ना दौरा है उनसे भी इस विषय पर चर्चा करने का आश्वासन कलेक्टर महोदय ने सभी को दिया।

### 10 एकड में कहीं भी बने कार्यालय



तहसील अधिवक्ता संघ पांढुर्ना ज्ञापन में उल्लेख किया है कि कृषि उपज मंडी परिसर जहां से वर्तमान में कलेक्टर कार्यालय संचालित हो रहा से पशु चिकित्सालय, सिंचाई विभाग, शासकीय कर्मचारियों के खंडहर क्वार्टर्स, महिला एवं बालविकास विभाग, जनपद कार्यालय, उपपंजियक कार्यालय, व्यवहार न्यायालय, बीआरसी कार्यालय, तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, पटवारी कार्यालय एवं क्वार्टर तथा लोकसेवा कार्यालय सटे हुए है। यह समस्त कार्यालय लगभग 10 एकड से अधिक भूमि पर बने है जिनमें से अधिकांश जीर्णशीर्ण अवस्था में है। कलेक्टर कार्यालय कहीं दूर बनाए जाने से इनमें से काफी जरूरी कार्यालय जहां आमजनता की रोजाना आवाजाही होती है वह भी स्थानांतरित हो जाएंगे।

### लोगों को पता नहीं और जगह चिन्हित हो गई

हम फाउंडेशन भारत ने ज्ञापन में कहा है कि कलेक्टर कार्यालय के लिए प्रशासन ने जो भूमि बिना आमजनता के संज्ञान में दिए बिना और लोगां से बिना संवाद स्थापित किए चिन्हित की है वह सर्वथा अनुचित है। प्रशासन ने इस विषय पर पुनर्विचार कर आमजनों की सुगम पहुंच को ध्यान में रखते हुए नया कलेक्ट्रेट कार्यालय वर्तमान संचालित स्थान पर ही बनाना चाहिए।

### भूमाफिया के लिए जनता को त्रस्त ना करें

आज कांग्रेस ने भी नवागत कलेक्टर निरज कुमार वशिष्ठ सौजन्य भेंट कर उन्हें शुभकामनाए दी। कांग्रेस ने भी कलेक्टर पांढुर्ना से निवेदन किया कि पांढुना जिले के जनमानस की भावनाओं एवं सुविधाओं को देखते हुए कृषि उपजमंडी प्रांगण परिसर में ही नवीन कलेक्टर कार्यालय बनना चाहिए। इस मौके पर सौंसर विधायक विजय चौरे ने कहा कि किसी सत्तासीन भूमाफिया को लाभ पहुंचाने के लिए पांढुर्ना जिले की जनता को जीवनभर के लिए चोट पहुंचाना ठीक नहीं है।

## बौद्ध समाज ने किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

धम्म चक्र अनु प्रवर्तन दिन के अवसर पर मंगलवार को भारतीय बौद्ध महासभा,बौध्द नवयुवक युवति परिचय सम्मेलन समिति, रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल सौसर, की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तमिल ग्रुप से त्रिशरण पंचशील और बुद्ध वंदना के साथ हुआ। संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक में हुए कार्यक्रम में जिला भारतीय बौद्ध महासभा अध्यक्ष डॉ अशोक भगत, मुरलीधर कांबले,चंद्रभानजी बागड़े,डॉ वाय एल ठवरे, एस आर शेंडे, देवेंद्र बागड़े,ज्ञानेश्वर पाटील आदि के द्वारा संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए अभिवादन किया गया। आयोजन के दौरान भक्तों के द्वारा ब्रह्मा चक्र अनु प्रवर्तन दिन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर की पावन दीक्षा भूमि पर संविधान निर्माता डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर जी के द्वारा 7 लाख से अधिक अनुयायियों के साथ में नागपुर की पावन दीक्षा भूमि पर बौद्ध धर्म की दीक्षा ली थी। इसलिए संपूर्ण देश में 14 अक्टूबर को धम्म चक्र अनुप्रवर्तन दिवस मनाया जाता है। इस दौरान बौद्ध नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति सौसर अध्यक्ष मुकेश बागडे,सिद्धार्थ सोमकोर,जी एम दुफारे चंद्रप्रकाश रंगारे,सिद्धार्थ बागडे, उमाशंकर शेंडे, मिलिंद बसोड़ सावन पाटील, श्रीमती नीत्तल हनवते, संध्या सोमकुवर,संगीता पाटिल, मंजूषा बागडे,रक्षा पाटिल आदि थे।

## नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा निर्माण कार्यों का निरीक्षण



**जुन्नारदेव** : नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रमेश सालोड़े ने अपनी टीम के साथ नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में हो रहें निर्माण-कार्यों का निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 01में रंगमंच चबूतरा रोड निर्माण के कार्य हो रहे हैं। तथा वर्ड नंबर आठ में मंगल भवन निर्माण कार्य चल रहा है। तथा वार्ड क्रमांक 17 में सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। इन सभी निर्माण कार्यो का जायजा लेते समय नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे एवं वार्ड पार्षद तथा संबंधित ठेकेदार और वार्ड वासी उपस्थित थे। नगर पालिका अध्यक्ष ने संबंधित ठेकेदार को गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य करने की हिदायत दी।

## साहित्यिक पक्ष की विधाओं का हुआ आयोजन

**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में जारी अंतर महाविद्यालय युवा उत्सव प्रतियोगिता के दूसरे दिन साहित्यिक पक्ष की विधाओं का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर एक टांडेकर के मार्गदर्शन में एवं युवा उत्सव संयोजक डॉक्टर रीना मेश्राम के निर्देशन में किया गया जिसमें भाषण, प्रश्न मंच एवं वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। भूषण का विषय भारत के आर्थिक विकास में स्वदेशी उत्पाद की भूमिका पर विद्यार्थियों ने अपने विचार रखें वही वाद विवाद के विषय एक राष्ट्र एक चुनाव देश के लिए उचित है या नहीं पर जमकर बहस छिड़ी। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में लिखित एवं मौखिक चक्र में 30 विद्यार्थियों ने भागीदारी दी तीन टीमों का चयन कर श्रेष्ठ टीम चुनी गई। वाद विवाद प्रतियोगिता में 6 विद्यार्थियों ने भाग लिया वहीं भाषण प्रतियोगिता में चार विद्यार्थियों ने भाग लेकर प्रतियोगिता का हिस्सा बने। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में विद्या प्रभारी डॉ एसके शेण्डे, प्रो मनोज मालवीय, डॉ सागर भनोत्रा, डॉ राहुल भारती, नीरज पाल, राजेश माथनकर डॉ नीलेश वासनिक का विशेष योगदान रहा।



## वर्तमान समाज में तकनीकी का प्रयोग एवं साइबर जागरूकता पर एक दिवसीय वेबीनार हुआ संपन्न

**जुन्नारदेव।** नगर के शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार एकदिवसीय ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन मंगलवार 14 अक्टूबर को किया गया। वेबीनार का विषय वर्तमान समाज में तकनीकी का प्रयोग एवं साइबर जागरूकता में विषय विशेषज्ञों ने अपने विचार रखें। वेबीनार में अतिरिक्त संचालक डॉ पीआर चंदेलकर (मुख्य संरक्षक) एवं मुख्य अतिथि डॉ वायके शर्मा पीएम एक्सीलेंस कॉलेज छिंदवाड़ा से जुड़े रहे।महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एके तांडेकर ने तकनीकी को दिनचर्या से जोड़कर बताया कि हम कैसे डिजिटल रूप से लाभान्वित हो रहे हैं। वेबीनारके मुख्य वक्ता डॉ तुषार चौधरी महाराष्ट्र ने अपने पीपीटी के माध्यम से साइबर क्राइम, पर्सनल डाटा, ऑफिशल डाटा, ऑनलाइन सेफ्टी, एआई के प्रयोग पर अपना व्याख्यान दिया। वेबीनार के विषय विशेषज्ञ डॉ तोरण लाल वर्मा छत्तीसगढ़ ने साइबर सिक्योरिटी, अवेयरनेस बिहेवियर, डिजिटल क्लोन, एआई की चुनौतियां और बच्चों की सुरक्षा के संबंध में अपने व्याख्यान दिए। महाविद्यालय की आइक्यूएसी प्रभारी डॉ संगीता वाशिंगटन ने डिजिटल भुगतान के कॉन्सेप्ट के विषय में सभी शोधार्थियों को अवगत कराया। वेबीनार को संचालित करने में महाविद्यालय के सभी स्टाफ तकनीकी सदस्य के साथ संयोजक डॉ गुंजा माहोरे, प्रोफेसर जागृति उईके एवं राजेंद्र प्रसाद का योगदान रहा। आभार प्रदर्शन लेफ्टिनेंट मो आबिद के द्वारा किया गया। वेबीनार में लगभग 80 से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित हुए जिन्होंने समाज में तकनीकी का प्रयोग एवं साइबर जागरूकता के विषय को विस्तार से जाना।

## श्रवण बाधित पत्रकार को जनपद उपाध्यक्ष ने भेंट किया श्रवण यंत्र



हरिभूमि न्यूज लाँजी।

न्यूज़ नेशन 81 के पत्रकार खेमराज बनाफरे, जो लंबे समय से कम सुनाई देने की समस्या से पीड़ित थे, को राहत मिली। जनपद पंचायत लाँजी के उपाध्यक्ष अजय अवसरे ने आज उन्हें श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया। श्रवण यंत्र वितरण के दौरान ग्राम डोरली के जनपद सदस्य रेवाराम करहाटकर सभापति स्वास्थ एवं महिला बाल विकास विभाग जनपद पंचायत लाँजी भी उपस्थित रहे। बनाफरे की परेशानी को देखते हुए यह पहल की गई, जिससे उनकी पत्रकारिता और दैनिक जीवन में सुधार होगा। अवसरे ने कहा, ₹ग्रामीणों की स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है।₹ करहाटकर ने स्थानीय विकास पर जोर दिया।

यह वितरण जनपद पंचायत की सामाजिक न्याय कल्याण विभाग की कल्याणकारी योजनाओं का हिस्सा है, जो गरीबों को मेडिकल सहायता प्रदान करती हैं।

## बीमार होने पर झाड़फूंक एवं पंडा-पुजारी के चक्कर में न पड़े- डॉ. उपलप

# डाबरी में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम, बच्चों एवं ग्रामीणों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

### डाबरी गांव में दो बच्चों की हुई है मृत्यु

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बिरसा विकासखंड के ग्राम डाबरी में मलेरिया से 02 बच्चों की मृत्यु होने की सूचना प्राप्त होते ही कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने इसे संज्ञान मे लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप को स्थल पर पहुंचकर वस्तुस्थिति देखने तथा पीड़ित मरीजो के उपचार की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप 14 अक्टूबर को अपनी पूरी टीम के साथ ग्राम डाबरी पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि ग्राम डाबरी के 10 वर्षीय बालक प्रवीण मनोज मेरावी की 13 अक्टूबर की सुबह 09 बजे मृत्यु हुई है। इस बच्चे को मलेरिया था और उसे मलेरियॉ की दवाएँ दी जा रही थी और वह स्वस्थ हो गया था। 12 अक्टूबर को रात में अचानक उसका स्वास्थ्य खराब हुआ और उसे तेज बुखार आया था। 05 वर्षीय बालिका आयुषी धनीराम तिलगाम लातरी आंगनवाड़ी केद्र में अध्ययनरत थी। उसे भी मलेरियॉ हुआ था और वह उसकी दवा खा रही थीं। आयुषी की मॉ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता है। 10 अक्टूबर को बालिका की मलेरियॉ जांच हुई थी। 11 अक्टूबर को रात में आयुषी की तबियत गड़बड़ हुई और रात्रि 03 बजे उसकी मृत्यु हो गई। दोनो मृत बच्चों की रात्रि में तबियत गड़बड़ होने पर उनके परिजन उन्हें झाड़फूक कराने के लिए पंडा-पुजारी के पास लेकर गए थे। गांव के पंडा द्वारा बच्चों को कुछ दवा दी गई थी, जिससे उनका शरीर पीला पड़ गया था और उनकी मृत्यु हो गई थी।

डॉ. उपलप ने बताया कि डाबरी एवं आसपास के गांव में मलेरिया का सर्वे का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसके लिए 40 कम्युनिटी वालिंटियर एवं कम्युनिटी हेल्थ वालिंटियर को लगाया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम 15 अक्टूबर को भी डाबरी मे रहेगी और बीमार लोगो के स्वास्थ्य पर नजर रखेगी। 14 अक्टूबर को मलेरिया से पीड़ित एक बालक को सोनगुड्डा के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।



डॉ. उपलप ने बताया कि ग्राम डाबरी में गांव का भ्रमण कर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को सलाह दी कि मच्छरों को न पनपने दे। अपने घरों के आसपास गड्ढों एवं नाली आदि में पानी जमा न होने दे। मच्छरों से बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। कपड़े ऐसे पहने की पूरा बदन ढका रहें और मच्छर न काट सकें। बुखार आने पर गांव के एएनएम के पास जाकर मलेरिया की जांच अवश्य कराएँ।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डाबरी के स्कूलों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ ही ग्रामीणों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया है। डॉ. उपलप ने बताया कि ग्रामीणों को सलाह दी गई है कि बीमार होने पर गांव की एएनएम के पास जांच के लिए जाए। गांव में 24 घंटे एएनएम की सेवा उपलब्ध रहती है। बीमार होने पर झाड़फूंक एवं पंडा-पुजारी के चक्कर में कतई न जाए। तंत्र-मंत्र से बीमारी को ठीक नही किया जा सकता है बीमारी केवल दवाओं से ही ठीक हो सकती है।

## महाविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार विकसित भारतः विजन 2047 विविध संदर्भ का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय शंकर साव पटेल कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय वारासिवनी में 14 अक्टूबर 2025 को एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार ''विकसित भारतः विजन 2047 विविध संदर्भ'' विषय पर आभासी मंच के माध्यम से किया गया। आभासीय मंच पर वेबीनार का संचालन नरेन्द्र कुमार डोंगरे सचिव द्वारा किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम संयोजक डॉ0 रक्षा निकोसे द्वारा विषय के परिचय पर सारगर्भित रूप से प्रकाश डाला गया।



कार्यक्रम संचालक श्री डोंगरे द्वारा मुख्य संरक्षक डॉ0 पी0आर0 चंदेलकर क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, जबलपुर संभाग जबलपुर, अग्रणी प्राचार्य/उप संरक्षक डॉ0 अशोक मराठे प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटा शंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट, प्रभारी प्राचार्य/संरक्षक डॉ0 एस0एस0 गेड़ाम शासकीय शंकर साव पटेल कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय वारासिवनी, प्रफुल्ल बिसेन अध्यक्ष जनभागीदारी समिति शासकीय शंकर साव पटेल कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय वारासिवनी, मुख्य वक्ता डॉ0 रमाकांत राय अध्यक्ष हिन्दी विभाग पंचायत राज राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटावा (उ0प्र0), मुख्य वक्ता डॉ0 श्रीकांत लक्ष्मणराव आरले सहायक आचार्य हिन्दी उड़ीसा केन्द्रीय विश्वविद्यालय कोरापूट (उड़ीसा), मार्गदर्शक प्रवक्ता डॉ0 गोविंद सिरसाठे प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष हिन्दी प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटा शंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट एवं समस्त अतिथियों का परिचय दिया गया। डॉ0 अशोक मराठे द्वारा वेबिनार के आयोजन एवं सफलता के लिए मार्गदर्शन एवं शुभामनाएँ प्रेषित की गयी।

महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0एस0 गेड़ाम द्वारा विकसित भारत में ज्ञान विज्ञान एवं तकनीकी के क्षेत्र में प्रगति पर प्रकाश डाला गया एवं शुभकामना संदेश दिया। प्रफुल्ल बिसेन द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार ''विकसित भारतः विजन 2047 विविध संदर्भ'' में राष्ट्र और समाज के उत्थान में युवाओं की भूमिका को अहम बताया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में आभासी मंच पर उपस्थित डॉ0 श्रीकांत लक्ष्मणराव आरले द्वारा विकसित भारत विजन 2047 साहित्य के युगानुरूप परिवर्तनों व वर्तमान साहित्य के विकास पर प्रकाश डाला। द्वितीय मुख्य वक्ता डॉ0 रमाकांत राय द्वारा प्राथमिक शिक्षा में मातृभाषा की स्वीकार्यता तथा 2047 तक हिन्दी कोर क्षेत्र से बाहर निकल कर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित होने की बात कही गई।

मार्गदर्शक प्रवक्ता डॉ0 गोविंद सिरसाठे द्वारा साहित्य को राष्ट्र की आत्मा स्वीकारते हुए विकसित भारत हेतु संस्कृति, शिक्षा, नवाचार एवं नैतिक मूल्यों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। डॉ0 ज्योति बर्फे सहायक प्राध्यपक हिन्दी शासकीय महाविद्यालय मनावर जिला धार द्वारा शोध पत्र वाचन में विकसित भारत में शिक्षा प्रणाली पर प्रकाश डाला गया। कृष्णा पराते सहायक प्राध्यापक हिन्दी एवं कार्यक्रम सह-संयोजक द्वारा सर्वप्रथम वेबीनार में पंजीकृत 186 प्रतिभागियों, आभासी मंच पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार एवं वर्चुवल कक्ष में 147 से अधिक उपस्थित समस्त संरक्षक, मुख्य वक्ता, मध्यप्रदेश के अन्य जिलों से शामिल शोधार्थी, मार्गदर्शक प्रवक्ता, परामर्श समिति, आयोजन समिति, तकनीकी समिति, महाविद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं का आभार प्रदर्शन एवं धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम संचालक द्वारा प्रभारी प्राचार्य की अनुमति से एक दिवसीय वेबीनार का समापन किया गया।

### कल से छिंदवाड़ा में प्रारंभ होगी प्रतियोगिता

## संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 3 छात्रों का चयन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी खेल कैलेंडर 2025-26 अनुसार संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाविद्यालय तामिया छिंदवाड़ा द्वारा 16 अक्टूबर 2025 से किया जा रहा है। जिसे हेतु शासकीय एस एस पी महाविद्यालय वारासिवनी के 3 छात्रों का चयन हुआ है, जिसमें मधुर डोंगरे एम ए प्रथम वर्ष पिता गोवर्धन डोंगरे व दिव्यांश बी ए तृतीय वर्ष पिता मधुलाल एवं विजय पिता श्याम धार्मिक शामिल है।

क्रीडा अधिकारी विकास साहू ने बताया कि सभी का चयन जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता हट्टा बालाघाट में उच्च प्रदर्शन के आधार पर किया गया हैं। जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में महाविद्यालय की पुरुष टीम ने उपविजेता के रूप में अपना स्थान प्राप्त किया था। इसी आधार पर इनका चयन हुआ हैं।

सभी के चयन पर महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रफुल्ल बिसेन व महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ एस एस गेडाम, क्रीड़ा समिति के समस्त सदस्यगण, समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, नियमित कार्यालय कर्मचारीगण, अतिथि विद्वान, जनभागीदारी शिक्षक व कर्मी, आउटसोर्स कर्मी ने बधाइयां प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेता संजय भलावी कांग्रेस में शामिल

**वारासिवनी।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय उईके एवं विधायक विवेक विक्की पटेल के निर्देश पर राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच जिलाध्यक्ष जावेद अली द्वारा राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच कार्यालय वारासिवनी में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेता संजय भलावी को कांग्रेस की सदस्यता दिलवाई गई। इस मौके पर श्री अली ने संजय भलावी को कांग्रेस का गमछा पहना कर उनका स्वागत किया। श्री भलावी ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए है। अब वह हमेशा कांग्रेस के लिए दिल से काम करेगे। विदित हो कि संजय भलावी ने वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ा था। उनके कांग्रेस में शामिल होने पर राहुल प्रियंका गॉधी विचार के जिलाध्यक्ष जावेद अली सहित कांग्रेस के नेताओं ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारियों के लिये लागू की गयी केशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना

हरिभूमि न्यूज सिवनी। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर के द्वारा सेवानिवृत विद्युत कर्मचारियों के स्वास्थ्य लाभ लेने हेतु एक अनुमप केशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जा रही है। इस योजना का लाभ लेने हेतु सिवनी वृत्त कार्यालय में क्षेत्रीय लेखाधिकारी छिन्दवाड़ा सतीष सैयाम एवं सेवा निवृत पेशनर्स के साथ दिनांक 13 अक्टूबर 225 को बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में योजना से जुडे सभी विषयों एवं प्रावधानों की जानकारी दी गई। इस योजना का लाभ लेने हेतु ऑनलाईन फार्म भरना प्रारम्भ किया गया है। ऑनलाईन फार्म में आ रही सभी कठिनाईयों का हल बताते हुऐ ज्यादा से ज्यादा पेशनर्स महिला पेशनर्स एवं परिवार पेशन पात्रताधारी इसका लाभ उठा सकते है। जिसकी अंतिम तिथि भी दिनांक 15 अक्टूबर 225 निर्धारित है।

### किसानों को भावांतर नहीं एमएसपी का रेट चाहिए- भाकपा

देश के अन्नदाता किसानों ने दिल्ली के बॉर्डर पर आकर किसानों की मांगों को लेकर 13 महीना तक किसान आंदोलन किया था परंतु देश के प्रधानमंत्री ने कोई ध्यान नहीं दिया जब चुनाव आया तब किसानों के आक्रोश और नाराजी को देखते हुए बड़े बेमन से किसानों की मांगों को मानने का निर्णय लिया और किसानों के लिए तीन काले कानून से पीछे कदम हटाए जो आज तक पूरे नहीं किए हैं इसके पश्चात किसानों से किए गए वादों को दरकिनार करते हुए नई-नई स्कीम ला रहे हैं जिसमें से भावांतर योजना भी एक है।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश बोर्ड सहित डीडी वासनिक राजेंद्र जैसवाल डॉ बी सी ओके तीरथ प्रसाद गजभिए किरण प्रकाश राहुल कुमार यीशु प्रकाश पवन कुमार सनोदिया इरफान पठान अंगद सिंह बघेल धनीराम बंडेवार शेर सनोदिया आदि ने मांग की है कि किसानों को भावांतर नहीं बल्कि स्वामीनाथन आयोग द्वारा प्रस्तावित C2 प्लस 5% का प्रस्तावित रेट ही चाहिए जिससे किसानों का शोषण बंद होकर अन्नदाता किसानों को अच्छा रेट मिल सके।

## सिवनी हवाला मनी लूट मामले में पुलिस कर्मियों पर गिरी गाज

# 11 के खिलाफ एफआईआर दर्ज, 8 आरोपी हिरासत में

कानून सबके लिए बराबर है... सीएमयादव का कड़ा एक्शन,

**सिवनी हवाला मनी लूट मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर सिवनी एसडीओपी पूजा पांडे सहित 11 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।**





पुलिस ने 5 आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। इस मामले को लेकर सीएम डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखना, अपराध मुक्त वातावरण बनाना और नागरिकों की सुरक्षा पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों का मुख्य दायित्व है। अपने कर्तव्यों से हटकर कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को राज्य सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिवनी प्रकरण में जो भी दोषी पाए गए हैं, उनके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई के साथ कानूनी कार्रवाई भी होगी। प्रदेश में कानून सबके लिए बराबर है। कानून का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कोई भी हो। राज्य सरकार प्रदेश में सुशासन स्थापित करने सतत रूप से कार्य कर रही हैं, इस दिशा में किसी का हस्तक्षेप सहन नहीं होगा।

### ये आरोपी पुलिस की हिरासत में

गौरतलब है कि इस मामले में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 310(2) डकैती, 126(2) गलत तरीके से रोकना, 140(3) अपहरण और 61(2) आपराधिक षडयंत्र के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने एसडीओपी पूजा पांडे, एसआई अर्पित भैरम, कॉन्स्टेबल योगेंद्र, कॉन्स्टेबल नीरज और कॉन्स्टेबल जगदीश को हिरासत में ले लिया है। इनके अलावा जिनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है उनमें प्रधान आरक्षक माखन, प्रधान आरक्षक राजेश जंघेला, आरक्षक रविंद्र उईके, आरक्षक चालक रितेश, गनमैन केदार और गनमैन सदाफल शामिल हैं।



## त्यौहार पर कुम्हारों ने मिट्टी से निर्मित दीपक और मुर्ति बेचने मांगीं अस्थाई जगह

### मिट्टी से निर्मित सामानों पर कर में छूट की अपील

छपारा - नगर के बस्ती से बस स्टैंड को जोडने वाले मार्ग के चमरिया नाला का पुल जिसमें नगर के कुम्हारों द्वारा 14 अक्टूबर को आगामी त्यौहार दीपावली पर्व पर पूजा में मिट्टी से बनी मुर्तियां और दीपक (दिया) और सामान को बेचने के लिए किनारे फुटपाथ पर कुछ दिनों के लिए अस्थाई रूप से अनुमति को लेकर नगर परिषद सीएमओ गीता बाल्मिक के नाम ज्ञापन सीएमओ की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष ठाकुर शिवकांत सिंह को सौंप कर मांग की गई है साथ ही उक्त जगह पर स्थाई रूप से नगर के कुछ दुकानदारों द्वारा वहां पर दूकानों को लगाकर कब्जा कर लिया है उसे हटाए जाने के लिए मांग की गई है। वहीं मंडला जिले के कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा माटी शिल्पियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सभी जगहों में बाजारों में कुम्हारों द्वारा निर्मित मिट्टी की मुर्तियां, खिलौने, दीपक, मटका तथा मिट्टी के निर्मित सजावटी सामान व उत्पादों पर दिपावली के अवसर पर किसी भी प्रकार का कर वसूली या शुल्क नहीं लिया जाने के निर्णय जैसा निर्देश कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले से जिला सिवनी के कुम्हारों के लिए भी बाजार शुल्क से मुक्त किए जाने की अपील की गई है।

## सड़क हादसे में राहगीर की मौत

सिवनी जिले के लखनवाड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोपालगंज ग्राम के समीप नेशनल हाईवे पर एक सडक़ हादसे में 55 वर्षीय राहगीर की मौत हो गई। यह घटना रात के समय ठाकुर ढाबे के पास हुई, जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने राहगीर को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, लेकिन ट्रक को वहीं छोड़ गया। राहगीर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल लखनवाड़ा पुलिस और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमॉर्टम के लिए शव वाहन से भेजा। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश कर रही है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। लखनवाड़ा थाना प्रभारी चंद्रकिशोर सिरामे ने बताया कि मृतक मानसिक रूप से बीमार प्रतीत होता था और उसे सिलादेही, गोपालगंज तथा आसपास के अन्य क्षेत्रों में घूमते हुए देखा जाता था। पुलिस ने इस संबंध में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है, ताकि ऐसे हादसों को रोका जा सके।

### खड़ी बाइक में लगी आग

घंसौर की पुरानी बस्ती में सोमवार देर रात एक खड़ी बाइक में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। हालांकि,



समय रहते आसपास की अन्य बाइकों को हटा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, पुरानी बस्ती में खड़ी बाइक क्रमांक एमपी 22 जेड ए 2942 की बैटरी फट गई, जिससे आग लग गई। आग तेजी से पेट्रोल टैंक तक फैल गई और बाइक धू-धू कर जलने लगी। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने तुरंत आसपास खड़ी अन्य बाइकों को सुरक्षित स्थान पर हटाया। बताया जा रहा है कि इस बाइक की सर्विसिंग एक सप्ताह पहले ही हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।आग लगने के कारण खोज रही पुलिस घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। जिस स्थान पर यह घटना हुई, वह लोगों और वाहनों की आवाजाही वाला क्षेत्र है। यदि घटना के समय अधिक लोग मौजूद होते तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# जानलेवा गड्ढे दे रहे दुर्घटना को आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

राष्ट्रीय राजमार्ग 44 नागपुर जबलपुर रोड में वाहन चालकों के लिए वाहन चलाना काफी दुश्वार हो रहा है। इस पर बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटनाओं को निमंत्रण दे रहे हैं। नगझर से खैरीटेक तक पुराने बायपास के हाल-बेहाल हैं। यहां पर गड्ढों की भरमार हो गई है। सबसे ज्यादा वाहन चालक और उसमें सवार लोग परेशान हो रहे हैं। गड्ढों से झटके खाकर लोगों को सफर करना पड़ रहा है लेकिन जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों लोडिंग वाहन, यात्री बसें, फोरव्हीलर, एम्बुलैंस वाहन सहित दो पहिया वाहनों का आना जाना निरंतर लगा रहता है। वाहन चालक अपनी जान जोखिम में डालकर अपने वाहनों को किसी तरह गड्ढों से बचाकर निकाल रहे हैं। बरसात होने से ये गड्ढे और भी खतरनाक हो जाते हैं गड्ढों में पानी भरा होने से वाहन चालकों को अपने वाहन निकालने में असुविधा होती है। कई बार ये गड्ढे हादसों का कारण बन रहे हैं।

### सात साल पहले हुआ था सुधार

जानकारी के अनुसार पुराने बायपास में सात साल पहले डामर की लेयरिंग की गई थी। 14 किमी लंबे इस बायपास में करीब दस करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। बाद में यहां पर गड्ढे होते गए तो उसे सुधारा गया। लेकिन स्थिति फिर से अत्यंत खराब हो गई हैं।अब गड्ढे धीरे धीरे और गहरे होते जा रहे हैं जो वाहन चालकों के लिए और भी जोखिम पैदा कर रहे हैं। लोडेड वाहन तो किसी तरह अपने वाहन निकाल रहे हैं लेकिन कई बार मरीजों को लेकर जा रही एम्बुलैंस गड्ढों के कारण समय पर मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में असमर्थ हो रही है।वहीं अत्यंत खराब सड़क और इनमें उभर आए गड्ढों के कारण वाहनों के नटबोल्ट, पट्टे और अन्य उपकरण टूटने से वाहन बुरी तरह फंस जाते हैं। कई बार खराब वाहनों के चलते जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।

### रेलवे फाटक के पास खराब स्थिति

वैसे तो नगर के सभी बायपासों में खराब रोड और गड्ढों की परेशानी से लोग जूझ रहे हैं लेकिन बायपास में बिठली रेलवे फाटक के पास सबसे ज्यादा स्थिति खराब है। यहां पर गड्ढों की इतनी भरमार है कि पता नहीं चलता कि रोड में गड्ढे हैं या गड्ढों में रोड है। यहां पर वाहन झूलते हुए और हिचकोले खाते हुए किसी तरह निकाले जाते हैं। ऐसी स्थिति में हादसों की संभावना बनी रहती है। वहीं पिछले कुछ दिनों में गड्ढों के कारण सड़क दुर्घटनाएं भी हुई हैं। बावजूद इसके संबंधित विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। इसी प्रकार कोहका चौराहा के पास भी स्थिति खराब है। यहां से कुछ दूरी पर ही गहरे-गहरे गड्ढे हो गए हैं। जिसके कारण वाहन चालकों को बहुत परेशानी होती है।

### खास है पुराना बायपास

वर्ष 2 में हाऊसिंग बोर्ड ने बायपास का निर्माण कराया था। कुछ साल यहां पर टोल वसूली की गई। इस बायपास से जबलपुर और नागपुर की ओर से आने वाले वाहन चालकों को बालाघाट या मंडला पहुंचने में आसानी होती थी, लेकिन अब बायपास की स्थिति खराब होने से दिक्कतें होने लगी हैं। बताया गया कि पुराने बायपास में रेत और गिट्टी से भरे डंपरों और हाइवा की आवाजाही के कारण गड्ढे अधिक हो गए हैं। बायपास में दोनों ओर पानी भरने की समस्या के कारण रोड खराब हो रही है। पानी भरने से गड्ढे हो रहे हैं। सड़क की उंचाई भी कम है इसके कारण पानी भरने से यह समस्या बन रही है। हर बारिश के मौसम में बायपास की स्थिति खराब हो जाती है।

हालांकि अभी कुछ स्थानों पर गड्ढों का भराव हो रहा है, लेकिन इसमें भी खानापूर्ति हो रही है। इस मार्ग से आना-जाना करने वालों का कहना है कि समय-समय पर सड़क का उचित रख रखाव होना चाहिए, लेकिन अधिकारियों द्वारा इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जाता है। गड्ढों के कारण हादसे भी हो रहे हैं। रात के अंधेरे में दोपहिया सवारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा। विगत दिवस भी एक दोपहिया सवार गड्ढे के कारण गिरकर घायल हो गया था।

## तीन दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में 14/10 /2025 को तीन दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ जिसमें प्रथम दिन विभिन्न साहित्यिक विधाएं वाद विवाद, भाषण एवं प्रश्न मंच का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का श्री गणेश सरस्वती पूजन एवं स्वागत श्रृंखला के पश्चात महाविद्यालय की संरक्षक एवं प्राचार्य प्रो. कल्पना इंग्ले के उद्बोधन से हुआ। युवा उत्सव प्रभारी प्रो पंकज शेंडे, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रभारी डॉक्टर ओम प्रकाश सरवैया, प्रवेश प्रभारी प्रो नरेंद्र कुमार भीमटे, विवेकानंद कैरियर प्रभारी प्रो लक्ष्मी मेश्राम के कुशल मार्गदर्शन में छात्राओं ने सहजता से अपनी प्रस्तुति दी।साहित्यिक विधाओं के अंतर्गत वाद विवाद, भाषण, प्रश्न मंच प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन मोहम्मद राशिद खान ने किया । कार्यक्रम सदस्य डॉ सीमा रायकवार ने आभार दिया। निर्णायक मंडल मे राकेश श्रीवास, श्रीमती प्रियंका चौरसिया, डॉक्टर डिंपल डेहरिया रहे। छात्राओं ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रतियोगियों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में समस्त प्रध्यापकों की उपस्थिति एवं सहयोग रहा।

## हज प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

विगत रविवार को सेंट्रल इंडिया खादिम उल हुज्जाज कमेटी सिवनी के संरक्षक अल्हाज मोहम्मद नज़ीर खान कि अध्यक्षता में प्रशिक्षण संपन्न हुआ इस प्रशिक्षण में जनाब रफ़त वारसी, केबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त, अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य हज कमेटी भोपाल ,को शाल, प्रतीक चिन्ह, एवं एक हैंड बैग देकर सम्मानित किया गया । जनाब दीवान शाद अली साहब, को शाल प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया एवं निज़ामुद्दीन अंसारी साहब, मुख्य संपादक तहरीक ए इस्लाह साप्ताहिक उर्दू हिन्दी को भी शाल? एवं? प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।



मुख्य अतिथियो की गरीमा मयी उपस्थिति में रॉयल लॉन बड़ी ज्यारत केपास जबलपुर रोड सिवनी में सम्पन्न हुआ सर्व प्रथम जनाब हाजी हाफिज़.मोहम्मद एहसान साहब द्वारा तिलावते कुरआन पाक से कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात नात खां जनाब बरकत उल्ला ने नात शरीफ का नजऱाना पेश किया हाजी हाफिज़. मोहम्मद एहसान साहब ने हज यात्रा के महत्वपूर्ण विषय पर सार गर्भित एवं भाव पूर्ण विचारों से प्रभावित किया मुख्य अतिथि जनाब रफ़त वारसी साहब ने अपने उद्बोधन में हज यात्रियों कि हर सम्भव मदद करने अच्छी सेवाएं प्रदान करने एवं राज्य हज कमेटी द्वारा सहायता करने का वचन दिया हज यात्रियों को किसी भी समय अगर कोई परेशानी हो तो सम्पर्क बनाए रखने के लिए भी कहा गया।

## संभाग स्तर तृतीय सोपान शिविर वारासिवनी में



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार सहायक राज्य संगठन आयुक्त जबलपुर संभाग द्वारा जिला प्रशिक्षण केंद्र बालाघाट के अंतर्गत विद्यालय जिला प्रशिक्षण केंद्रवारा सिवनी में संभाग स्तरीय तृतीय सोपान जांच शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर संचालक के रूप में ललित मिश्रा राज्य सहायक संगठन आयुक्त जबलपुर संभाग विजय शुक्ला जिला संघ शिवनी डोली राम जी भगत जिला संघ बालाघाट श्रीमती ममता। पटले जिला सघ बालाघाट श्रीमती रीता बोपचे जिला संघ बालाघाट शिविर का नियमित रूप से संचालन कर रहे हैं। इस शिविर में लगभग 137 स्काउट गाइड जिसमें स्काउट 71 तथा गाइड 66 भाग ले रही हैं इसी कड़ी में सिवनी जिले के शासकीय उच्च हाई स्कूल बोरदए के पांच स्काउट स्काउट मास्टर राम नारायण राय के मार्गदर्शन में तथा आदिम जाति कल्याण विभाग की 13 स्काउट राजपूत के मार्गदर्शन में इस शिविर में हिस्सा ले रहे हैं।

### कलेक्टर द्वारा निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस जारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग को सौंपे गए निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उल्लेखनीय है कि इनकी ड्यूटी निर्वाचन प्रेक्षक महोदय की लाइजनिंग के कार्य हेतु लगाई गई थी।

### स्वर्णप्राशन का निशुल्क चिकित्सा शिविर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बुधवार 15 अक्टूबर 2025 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित आयुषविंग सिवनी में जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में डॉ. निधि खेमुका द्वारा निःशुल्क स्वर्णप्राशन चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमे 0-16 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्णप्राशन दिया जाएगा। आयुर्वेद में स्वर्णप्राशन औषधि का उपयोग बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए किया जाता है।

### पात्रता पर्ची अथवा राशन कार्ड में परिवार के सदस्यों के नाम जोडने के लिए ई-केवायसी आवश्यक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि ऐसे समस्त हितग्राही जिन्होंने नवीन पात्रता पर्ची एवं राशन कार्ड में नाम जोडने के लिए आवेदन किया है। उन सभी आवेदकों एवं हितग्राहियों से अपने नजदीकी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में जाकर अपने परिवार के सभी सदस्यों तथा जिनका नाम पात्रता पर्ची में जोडा जाना है उनका ई-केवायसी तुरंत कराने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि ई-केवायसी पूर्ण होने के उपरांत एनआईसी भोपाल से पात्रता पर्ची जारी की जावेगी तथा जिन हितग्राहियों के

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पथ संचलन का हुआ आयोजन

# राष्ट्र एवं समाज विरोधी ताकतों का डटकर करें मुकाबला- सुरेंद्र



**बरघाट-** नगर बरघाट में एक भव्य और अनुशासित पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में विभाग प्रचारक सुरेंद्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में खंड संघ चालक कृपाल सिंह बघेल एवं अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त उप निरीक्षक (केंद्रीय रिजर्व बल पुलिस) सुंदरलाल जगने उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के द्वारा भारत माता, डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार , सदाशिव राव गोलवरकर जी के छायाचित्र पर पूजन कर शस्त्र पूजन किया गया। तत्पश्चात विभाग प्रचारक मुख्य वक्ता सुरेंद्र जी ने उपस्थित सभी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहां की इस वर्ष विजयदशमी की पुनीततिथि का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए विशेष महत्व था, 100 वर्ष पूर्व डॉक्टर केशव बलीराम हेडगेवार ने चंद साथियों के साथ मिलकर विजयदशमी के दिन संघ की स्थापना की थी। धीरे-धीरे संघ का स्वरूप बढ़ता गया और आज हम संघ के शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं, संघ लगातार देश की एकता का अखंडता के लिए कार्य कर रहा है। यह हमारी पीढ़ी के स्वयं सेवकों का सौभाग्य है कि हमें संघ के शताब्दी वर्ष जैसा महान अवसर देखने को मिल रहा है।

### भारत का भविष्य अत्यंत उज्जवल है-सुरेंद्र सिंह

आदेगांव, जिला लखनादौन 13 अक्टूबर 2025 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पर श्री विजयदशमी उत्सव एवं पथ संचलन संघ सरस्वती शिशु मंदिर के खण्ड आदेगांव जिला लखनादौन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित संघ के सिवनी विभाग प्रचारक सुरेंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी ने जो सपना देखा था भारत अपनी संस्कृति के दम पर विश्व गुरु बने वह समय अब बहुत नजदीक है। हम वो पीढ़ी हैं जो याचि देहि याचि डोला डॉ हेडगेवार के इस ध्येय वाक्य का सौभाग्य मिल रहा है। 1925 में डॉ हेडगेवार जी ने नागपुर में जो बीजारोपण किया था वह आज वटवृक्ष हो गया है। लेकिन संघ का लक्ष्य वटवृक्ष करना नहीं था। संघ को और बड़ा करना उद्देश्य नहीं रहा। संघ का उद्देश्य है चरित्र सम्पन्न सुसंस्कारित निष्ठावान स्वयंसेवक और समाज की सज्जन शक्ति के बल पर भारत माता का मस्तक हमेशा सिरमौर रखना।

समाज से आवाहन करते हुए सुरेंद्र सिंह ने कहा कि जब हम वर्तमान परिदृश्य का विचार करते हैं तो भारत का भविष्य उज्जवल दिखाई देता है लेकिन अनेक चुनौतियाँ भी सामने खड़ी हैं।

उन चुनौतियाँ का समाधान भी समाज को संगठित होकर करना होगा तभी भारत सामथ्र्यशाली बनेगा। चुनौतियाँ हैं एकल होते परिवार, समरसता की कमी, स्वबोध का अभाव, पर्यावरण युक्त जीवन शैली की कमी और नागरिक कर्तव्य के प्रति उदासीनता। इन पाँच चुनौतियों से समाज को जागृत होना ही होगा। इसके पूर्व ग्राम में स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया। जिसका समाज की माताओं बहनों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 190 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। आयोजित जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर श्री सीएल चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत एवं सहित अन्य विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित रहे। इसी तरह सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अन्य विकासखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा आमजन से प्राप्त विभिन्न शिकायतों एवं आवेदनों की गंभीरता से सुनवाई की गई तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि प्रत्येक प्रकरण का समाधान समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके। जिलास्तरीय जनसुनवाई में तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम उगदीवाडा निवासी दुर्गाप्रसाद राने एवं अन्य द्वारा कीट प्रकोप से फसल नष्ट हो जाने विषयक, सिवनी अंतर्गत ग्राम डोरली छतरपुर निवासी निरंजन सिंह द्वारा खाद्यान्न पर्ची बनाये जाने विषयक, तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम कुंडा निवासी सुकरतलाल उइके द्वारा आवासीय भूमि का पट्टा दिलाये जाने विषयक, ग्राम बकोडी थाना बंडोल निवासी ध्रुवचंद मेहरा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील बरघाट अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 निवासी प्रदीप भालेकर द्वारा पिता की मृत्यु उपरांत पेंशन राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम कातलबोडी सिवनी निवासी मोहन पिता डिमाकचंद द्वारा फसल बीमा योजना का लाभ दिलाये विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत ग्राम चमारी खुर्द निवासी महेश कुशवाहा द्वारा आंखों के आपरेशन के लिए सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम चंदनखेडा तहसील केवलारी निवासी साधू पिता झम्मी ओझा द्वारा भूमि का सीमांकन कराये जाने विषयक, ग्राम दुटेरा केवलारी निवासी धर्मेंद्र कुमार नगोत्रा द्वारा प्रधानमंत्री आवस योजना की द्वितीय किस्त दिलाये जाने विषयक, शहीदवार्ड सिवनी निवासी आकांक्षा यादव द्वारा संबंल कार्ड को पुनः चालू कराये जाने विषयक, तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम पीपरवानी निवासी मधुकर मलमले द्वारा वृद्धापेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम जोगीवाडा कुरई निवासी संतोष पाल द्वारा अतिवर्षा के कारण मकान गिर जाने से हुई क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि दिलाये जाने विषयक,ग्राम पीपरवानी कुरई निवासी कलीता राउत द्वारा लाडली बहना योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, महावीर वार्ड क्रमांक 08 निवासी शुभम चौरसिया द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाये जाने विषयक, तहसील धनौरा अंतर्गत ग्राम दोंदावानी निवासी पुरषोत्तम डहेरिया द्वारा सीमांकन रिपार्ट दिलाये जाने विषयक, ग्राम बांकी थाना बंडोल निवासी रामपाल कुमरे द्वारा किसान सम्मान निधि की राशि दिलाये जाने विषयक, कस्तूरबा वार्ड सिवनी निवासी आशा बाई यादव द्वारा पात्रतानुसार राशन दिलाये जाने विषयक, तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम धनवाही निवासी द्रोपती उइके द्वारा सुदूर ग्रेवल सडक निर्माण कराये जाने विषयक, सहित कुल 190 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

### मामला थाना कोतवाली बालाघाट का, वरिष्ठ अधिकारी मौन!

## थाने में भी सुरक्षित नहीं हैं पैसा, मालखाना प्रभारी ने जुए में उड़ाए 55 लाख व 10 लाख रूपये का जेवरात

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट पुलिस कोतवाली थाना बालाघाट के मालखाने से 55 लाख और सोना-चांदी चोरी होने का मामला सामने आया हैं, वहीं पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने मालखाने से 84 लाख रूपये गायब या चोरी होने के आरोप लगाते हुए मामले पर आवाज उठाई, इधर पुलिस ने भी अपना स्पष्टीकरण प्रेस नोट के माध्यम से दी हैं और कहा कि मालखाना प्रभारी प्रधान आरक्षक मुंशी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की कार्यवाही करते हुए जांच शुरू कर दी हैं।पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने कहा कि किसी भी पुलिस थाने के मालखाने में सिर्फ 5000 रूपये तक नियमानुसार रखे जा सकते हैं, उससे अधिक रूपये नहीं रखे जा सकते। विभिन्न अपराधियों से जप्त 84 लाख नगदी रूपये से अधिक रूपये पुलिस कोतवाली थाना




बालाघाट के मालखाने से गायब कर दिए गये, चोरी हो गये। पुलिस थाना कोतवाली मालखाने से रूपये गायब होने, चोरी की कार्यप्रणाली पर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की बात कहीं हैं। बता दें कि बालाघाट कोतवाली थाना के मालखाने का पर्दाफाश तब हुआ जब टीआई कोतवाली के द्वारा फरियादी को राशि लौटाने के लिए मालखाना प्रभारी प्रआर राजीव पन्द्रे को कहा गया कि राशि लौटा दो, तो मालखाना खाली पाया गया, जिसके बाद कोतवाली थाना में ही प्रधान आरक्षक राजीव पन्द्रे के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिक की थीं, लेकिन रस्सी टुटने के कारण उन्हे चोटिल हो गए जिन्हे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

पुलिस ने जारी की प्रेसनोट अनुसार, थाना प्रभारी के द्वारा जब कोतवाली थाना का मालखाने का भौतिक सत्यापन किया गया तो पता चला कि 55 लाख की नगद राशि एवं करीब 10 लाख रूपये के सोने चांदी के जेवरात गायब पाये गए। जिसकी संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, प्रकरण की विधिवत जांच उपरांत प्रधान आरक्षक राजीव पन्द्रे के विरुद्ध थाना कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तारी की गई हैं। पुलिस की माने तो अब तक की विवेचना के दौरान आरोपी मुंशी राजीव पन्द्रे से कुल 40 लाख रूपए की राशि की रिकवरी की जा चुकी हैं। डीएसपी प्रतिष्ठा राठौर महिला अपराध प्रकोष्ठ के द्वारा कहा गया कि जांच टीम के दौरान मालखाना खाली पाया गया था, जिसके प्रभारी राजीव पन्द्रे के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए राशि और देर शाम को ज्वेलरी शॉप पर पहुंचकर जेवरात बरामत किए गए हैं।

## बाघ के 13 नाखूनों के साथ दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज उकवा।





मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त बालाघाट के निर्देशन एवं वनमण्डल अधिकारी उत्तर बालाघाट (सामान्य) एवं उपवनमण्डल अधिकारी उकवा (सामान्य) के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर उकवा (सामान्य) दिनांक 12/10/2025 समय 10:00 AM को WCCB की सूचना पर परिक्षेत्र अन्तर्गत 01 दल का गठन किया गया। कान्हा टाईगर रिजर्व की टीम के साथ परिक्षेत्र अंतर्गत उमरिया से छपरवाही मार्ग पर अमरूटोला रोड के पास 04 व्यक्तियों को 02 मोटर सायकल के पास खड़े देखा गया। दल उनके पास जैसे ही पहुँची दल को देखकर 04 व्यक्ति मौके से भागने लगे जिनमें से 02 व्यक्तियों को मौके पर पकड़ा गया, एवं 02 व्यक्ति मौके से फरार होकर जंगल में भाग गये। पकड़े गये 02 व्यक्तियों से पूछताछ किया गया। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना नाम महेन्द्र वल्द शोभाराम मडावी तथा महेन्द्र वल्द रामेश्वर राऊत बताया उनके द्वारा बताया गया कि वे डरकर भाग रहे थे। उनमे से 01 व्यक्ति महेन्द्र वल्द शोभाराम की तलाशी लेने पर उसने अपने जेब से लाल कपडे में बंधी 01 पोटली निकाली जिसे खोलकर दिखाया जिसमें 13 नग नाखून थे, उसके द्वारा बताया गया कि उक्त नाखून वन्य प्राणी बाघ के है, जिसे व्यापारी को विक्रय करने हेतु खड़े थे। व्यापारी के संबंध में जानकारी हमारे साथी किशोर उर्फ नंदकिशोर पटले, साकिन फंडकी (मोहगांव) को है। उक्त अपराध में लिप्त अन्य 02 फरार आरोपी सतीश वल्द प्रताप भलावी साकिन मैरा (लामता) एवं किशोर उर्फ नंदकिशोर पटले साकिन फंडकी (मोहगांव) है। मौके से वन्यप्राणी बाघ के 13 नग नाखून 02 मोटर सायकल HF Delux जप्त कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 2747/47 दिनांक 12/10/2025 पंजीबद्ध किया गया। अन्य 02 सतीश वल्द प्रताप भलावी साकिन मैरा (लामता) एवं किशोर उर्फ नंदकिशोर पटले साकिन फंडकी (मोहगांव) वर्तमान में फरार है इनका रहा सराहनीय योगदान कु. प्रियंका मरकाम वनक्षेत्रपाल वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर उकवा (सामान्य), राजेन्द्र कुमार गनवीर उपवनक्षेत्रपाल, कन्हैयालाल मडावी कार्यवाहक वनपाल, सचिन पदमे वनरक्षक, बजारीसिंह ठाकरे वनरक्षक, प्रशांत चौरसिया वनरक्षक, कमलेश मसराम वनरक्षक।

## सायबर सुरक्षा अभियान पर कार्यशाला आयोजित



**हरिभूमि न्यूज मलाजखंड।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार आज 13 अक्टुबर को थाना मलाजखंड क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम निक्कूम में सायबर सुरक्षा अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की दैनिक रूपरेखा अनुसार सोशल मीडिया की सुरक्षा और ऑनलाइन खतरों को पहचानने, सुरक्षित इंटरनेट प्रथाओं को बढ़ावा देने, साइबर सुरक्षा मिनिट्स, साइबर सुरक्षा हेतु क्या करें और क्या ना करें, सुरक्षित पासवर्ड एवं संदिग्ध ईमेल और अंजान लिंक्स पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी शेयर ना करने एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में एडवाइजरी के माध्यम से छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। साथ ही सायबर अपराध से बचाव हेतु सावधानियाँ, अन्य साइबर अपराध से बचने सम्बन्धी उपाय उपस्थित छात्र छात्राओं को बताए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्राचार्य एवं शिक्षक स्टाप भी उपस्थित रहे। थाना प्रभारी मलाजखंड नरेन्द्रसिंह यादव के निर्देशन पर थाना स्टाफ सहायक उपनिरीक्षक सुलेखा मरकाम महिला आरक्षक शांति मरकाम द्वारा जागरूक किया गया।

### आबादी क्षेत्र से बाहर फटाखा दुकाने संचालित करने के सभी एसडीएम को दिए निर्देश

## दीपावली पर्व पर लगने वाली अस्थायी फटाखा दुकानों के संचालन के लिए कलेक्टर ने किए आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री मृणाल मीना द्वारा जिले में अस्थायी फटाखा दुकानों के संचालन के लिए आदेश जारी किए गए है। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 20 अक्टूबर को दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया जाना है। कलेक्टर श्री मीना ने निर्देशित किया है कि दीपावली पर्व के दौरान जिले में आतिशबाजी एवं फटाखों के विक्रय के लिए लगने वाली अस्थाई फटाखा अनुज्ञप्तिधारियों का 13 से 27 अक्टूबर तक की अवधि के लिए अनुज्ञप्ति जारी की गई है। समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को आदेशित किया गया है कि वे अपने-अपने अनुभाग अंतर्गत आबादी क्षेत्र से बाहर अस्थाई फटाखा दुकान स्थापित कराये जाने के लिए स्थल का चयन करवाकर दुकाने स्थापित कराया जाना सुनिश्चित करें तथा नक्शे की प्रति कार्यालय कलेक्ट्रेट को शीघ्र उपलब्ध कराए।

कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी श्री मीना ने सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को निर्देशित किया है वे जिले के समस्त अस्थायी फटाखा अनुज्ञप्तिधारियों को फटाखा दुकानों के लिए स्थल आवंटन इन शर्तों पर ही सुनिश्चित करेंगे। जिसमें भारत सरकार पेट्रोलियम तथा विस्फोटक सुरक्षा संगठन मुख्य विस्फोटक नियंत्रक कार्यालय भोपाल के अनुरूप आतिशबाजी की दुकान विस्फोटक नियम 2008 के नियम 84 के तहत त्यौहारों के दौरान आतिशबाजी के कब्जे और विक्रय के लिए अस्थाई दुकान के अनुरूप होनी चाहिए। आतिशबाजी अज्वलनशील सामग्री के बने शैड में रखे जाएंगे जो इस प्रकार के बन्द और सुरक्षित होगा जिससे कि अप्राधिकृत व्यक्तियों की उसमें पहुंच को निवारित किया जा सकें। आतिशबाजी के विक्रय के लिए बनी अस्थाई दुकानें, एक दुसरे से 3 मीटर की दूरी पर एवं किसी संरक्षित स्थलों से 50 मीटर की दूरी पर होगी। शेड का झुकाव एक दूसरे के आमने-सामने नहीं होंगे। शेड में या शैडो की सुरक्षित दूरी के भीतर तेल से जलने वाले लेंपो, गैस लेंपो या खुली बत्तियों का उपयोग नही किया जाएगा। विद्युत बत्तियों यदि उपयोग की जाती है दीवाल पर छत पर फिक्स किए जाएगें।

### बैगा बच्चों के लिए बैहर एवं बालाघाट में चार छात्रावासों की मिली मंजूरी

## विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के बच्चों को शिक्षा के लिए मिलेगी विशेष सुविधा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले में निवास करने वाली विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के प्रयासो से शासन द्वारा बैगा बच्चों के लिए बालाघाट एवं बैहर में 04 सीनियर छात्रावासो की मंजूरी प्रदान की गई है। प्रत्येक छात्रावास भवन 04 करोड़ 04 लाख रुपए की लागत से बनाया जाएगा। इन छात्रावासो के लिए जमीन उपलब्ध कराने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

बैगा जनजाति के बच्चों के लिए बालाघाट में 50 सीटर सीनियर कन्या छात्रावास व 50 सीटर सीनियर बालक छात्रावास तथा बैहर में 50 सीटर सीनियर कन्या छात्रावास व 50 सीटर सीनियर बालक छात्रावास की मंजूरी प्रदान की गई है। इन छात्रावासो में बैगा जनजाति के कक्षा 06 से 12वीं तक के बच्चों को रखा जाएगा और उन्हें अंग्रेजी माध्यम के साथ ही विज्ञान विषय की शिक्षा दिलायी जाएगी।

जनपद पंचायत बैहर की बैगा जनजाति की जनपद सदस्य सगनी बाई 14 अक्टूबर को बैगा समुदाय के लोगो के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची थी। कलेक्टर श्री मीना से उन्होंने बैगा जनजाति की शिक्षा एवं विकास पर चर्चा की। इस दौरान कलेक्टर श्री मीना ने उन्हें बैगा जनजाति के बच्चों को पढ़ाई के लिए आगे लाने का सुझाव दिया। जिला प्रशासन बैगा बच्चों की पढ़ाई के लिए हर संभव मदद करेगा।

सहायक आयुक्त श्रीमती डामोर ने बताया कि बैगा जनजाति के बच्चों को विज्ञान विषय के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करना है। जनजाति कार्य विभाग में विज्ञान शिक्षकों की कमी है, जिससे आने वाले समय में यही बच्चें शिक्षक बनकर अपनी सेवाएँ दे सकेंगे।

## जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**बालाघाट।** जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 14 अक्टूबर को जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार की अध्यक्षता में जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में योगेश राजा लिल्हारे उपाध्यक्ष जिला पंचायत, समस्त सभापति टामेश्वर पटले, दलसिंह पन्द्रे, झामसिंह नागेश्वर, श्रीमती केशर बिसेन, महेश मरकाम, डुलेन्द्र ठाकरे, अभिषेक सराफ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसरंचना विकास मण्डल संभाग बालाघाट, सहकारिता विभाग बालाघाट, कृषि विभाग बालाघाट, आदिम जाति कल्याण विभाग बालाघाट एवं उद्योग विभाग के कार्यो की समीक्षा की गई।

### व्यापारियो एवं मिलर्स को उपार्जन के पूर्व रबी एवं खरीफ की धान का निष्पादन करना होगा

## समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए उपार्जन समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

खरीफ विपणन सीजन 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए जिले में सभी आवश्यक तैयारियॉ की जा रही है। इसी कड़ी में 14 अक्टूबर को कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित कर धान उपार्जन संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे एवं समिति के सदस्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में कहा कि धान उपार्जन के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो और किसानों के नाम पर व्यापारी या बिचौलिया अपनी धान ना बेच पाए इसकी व्यापक स्तर पर तैयारी की जाए। धान उपार्जन के दौरान खरीदी, तौल एवं परिवहन के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी पाए जाने पर दोषी व्यक्ति के विरूद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। अवैध रूप से धान विक्रय के लिए लाने वाले



वाहनों को जब्त करने की कार्यवाही की जाए। बैठक में तय किया गया कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के दौरान केवल किसानों का धान ही खरीदा जाएगा। इसमें फुटकर एवं थोक व्यापारी, मंडी के लायसेंसधारी व्यापारी एवं राईस मिलर्स अपने धान की रिसाईकलिंग न कर सके इसके लिए तय किया गया कि व्यापारियों एवं मिलर्स को धान उपार्जन प्रारंभ होने के पूर्व अपनी धान का निष्पादन करना होगा अन्यथा जिस धान का निष्पादन नही किया जाएगा उसे सीज कर दिया जाएगा। व्यापारियों एवं मिलर्स के गोदामों का प्रशासन के अधिकारियों द्वारा सत्यापन किया जाएगा। यदि उनके पास खरीफ या रबी की पुरानी धान का भण्डारण है तो उसका निष्पादन उपार्जन से पहले कराना होगा। जिले के उपार्जन केंद्रो पर अवैध रूप से धान न लायी जा सके इसके लिए विभिन्न स्थानों पर चेक पाईंट्स बनाए जाएंगे और इन चेक पाईंट्स पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

बैठक में तय किया गया कि नाप-तौल निरीक्षक द्वारा जिले में वेयरहाउस से संबद्ध समस्त धरम कांटे, प्राईवेट धरम कांटे एवं उपार्जन केंद्रो के ईलेक्ट्रानिक तौल कांटा के सत्यापन का कार्य उपार्जन के पूर्व शत प्रतिशत किया जाएगा तथा उपार्जन के दौरान धरम कांटो की आकस्मिक जांच की जाएगी। जिन समितियों पर धान खरीदी के दौरान गड़बड़ी किये जाने की कार्यवाही चल रही है उन्हें इस सीजन में धान खरीदी का कार्य नही दिया जाएगा। इसी प्रकार स्व–सहायता समूह एवं एफपीओ को भी धान खरीदी का कार्य नही दिया जाएगा। जिले में अधिकतम केंद्रो को गोदाम स्तर पर बनाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी श्री आरएस ठाकुर, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री पी जोशी, सहायक संचालक कृषि श्री राजेश खोबरागढ़े, नाप-तौल निरीक्षक, जिला विपणन अधिकारी श्री तिवारी, मंडी निरीक्षण श्री मनोज पटले, वेयर हाउस के प्रबंधक श्री पटले, जिला सुचना विज्ञान अधिकारी श्री सुभाष ठाकरे उपस्थित थे।

## हट्टा महाविद्यालय के छात्रों का संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में चयन



हरिभूमि न्यूज हट्टा।

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिला स्तरीय बास्केटबाल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाविद्यालय हट्टा द्वारा बालाघाट में आयोजित की गई थी इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर छात्रों का चयन संभाग स्तरीय बास्केटबॉल पुरुष प्रतियोगिता जो तामिया जिला छिंदवाड़ा में दिनांक 14 एवं 15 - 10 -2025 को आयोजित हो रही है के लिए किया गया इस प्रतियोगिता के लिए बालाघाट जिले की टीम में शासकीय महाविद्यालय हट्टा के तीन छात्र विनय देशमुख नीरज कावडे एवं विवेक खोब्राराागड़े का चयन हुआ है तीनों छात्र संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में बालाघाट जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे छात्रों के चयन में संस्था के प्राचार्य श्री मुकेश बिसेन क्रीडा अधिकारी डॉ. सचिन तिवारी के साथ-साथ संस्था के सभी शिक्षकों एवं हट्टा के सभी खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दी।

## खैरलांजी में निशुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन, उचित उपचार व परामर्श किया प्रदान



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

मुख्यालय के शासकीय अस्पताल खैरलांजी में 13 अक्टूबर सोमवार को निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित कर संपन्न किया गया ।यह शिविर खडं चिकित्सक अधिकारी डा. खिलेंद्र पाल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ था। नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस. के द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर में नेत्र रोगीयो की जांच कर उचित उपचार व परामर्श प्रदान किया गया । उक्त शिविर में 82 आंखो के मरीजो के द्वारा ओपीडी में पंजीयन कर उपचार प्राप्त किया। जिसमे से 29 नेत्र रोगी मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए चयनित किया गया जिन्हे आपरेशन के लिए देव जी नेत्रालय जबलपुर रवाना किया गया । नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस. बिसेन बताया की निशुल्क नेत्र शिविर में आंखो के मरीजो को लाभान्वित किया तथा चयनित मरीजो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए जबलपुर भेजा गया है । तथा आगामी 27 अक्टूबर को पुन खैरलांजी मुख्यालय के शासकीय अस्पताल शिविर होगा।

## स्टेशन को स्वच्छ रखने की ली गई शपथ

**बालाघाट।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय बालाघाट द्वारा रेल्वे स्टेशन बालाघाट, और माय भारत के संयोजन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रेलवे परिसर बालाघाट में किया गया। इस अवसर पर भारतीय कला संगम जबलपुर के कलाकारों ने गीत और नाटक के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को बताया। इस अवसर पर स्टेशन प्रबंधक आर. एस. चौधरी, सी. आर. जघेला, इकाई प्रभारी अजय बैंस, बाजपेई, रेनू बिसेन, कृष्ण मुरारी आरपीफ़ सहित रेलवे के स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम में इकाई प्रभारी अजय बैस ने स्वच्छता के महत्व, स्वच्छता ही सेवा अभियान के बारे में पर विस्तृत जानकारी दी।

## दमोह में मनाया गया धम्मचक्र प्रर्वतन दिवस

हरिभूमि न्यूज बिरसा।



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बौद्ध अनुयायियों द्वारा डां आम्बेडकर मण्डल दमोह के तत्वाधान में प्रज्ञादीप बुद्ध विहार दमोह में सौहार्द पूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास धम्म चक्र प्रर्वतन दिवस मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य भंते जी के द्वारा त्रिशरण पंचशील और बुद्ध वंदना के साथ हुआ। अतिथियों ने डॉ. अंबेडकर एवं तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रमुख अतिथि के रुप में पूज्य भंते बोधि धम्म, सामाजिक चिंतक तेजलाल उके, डां आम्बेडकर मण्डल के अध्यक्ष सुमरनलाल खोबरागड़े, महिला मण्डल की वरिष्ठ संरक्षक सदस्य आयुष्मति चमन ताई रामटेके को मंचासिन कर उनका पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। स्वागत की श्रंखला में बड़ी तादाद में उपस्थित उपासक, उपासिकाओ का पुष्प वर्षा कर सामूहिक स्वागत किया गया। प्रमुख वक्ता आयुष्मति स्वेजा उके, ममता भौतेकर, संगीता उके, कविता रामटेके, वंदना भेलावे , जितेन्द्र रामटेके एवं एस.आर.उके ने अपने सम्बोधन में कहा गया कि, अशोक विजयादशमी में सम्राट अशोक ने कलिंग युद्ध के बाद हिंसा का मार्ग त्याग कर बौद्ध धर्म को अपनाया था, जो शांति और अहिंसा की जीत का प्रतीक है। उसी तिथि में डां बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा समानता, न्याय और मानवता के लिए भारतभूमि में पैदा हुए बौद्ध धम्म की दिक्षा लेकर इस धर्म का पुनरुत्थान किया उनके देशभक्ति और राष्ट्रीय विचारधारा से हमारे देश को विश्व गुरु का दर्जा और विश्वपटल पर भारत को बुद्ध की धरती का गौरव प्राप्त हुआ। वह दिन था 14अक्टूबर 1956 नागपुर की पवित्र दीक्षा भूमि जहां बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर ने 1935 में ली गई प्रतिज्ञाओं को 21वर्षो के बाद पूरा कर लगभग अपने सात लाख अनुयायियों के साथ बुद्ध की शरण ली थी। इस धम्म चक्र प्रर्वतन के माध्यम से बाबा साहब ने समानता, न्याय, और मानवता की स्थापना कर बुद्ध की करूणा, शांति और सत्य को अपनाने का संदेश दिया था। उनकी शिक्षाओं का अपने जीवन में आचरण कर समाज को शीलवान, संस्कारवान, चरित्रवान एवं निष्ठावान बनाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के सभी महिला पुरुषो का सराहनीय योगदान रहा। जिनका आभार प्रदर्शन समिति के अध्यक्ष और सफल मंच संचालन एस आर उके द्वारा किया गया। रात्रि में बुद्ध विहार एवं सभी घरों में दीप प्रज्ज्वलित कर बौद्ध अनुयायियों के द्वारा उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम वासियों द्वारा भी बौद्ध अनुयायियों को शुभकामनाएं दी गई।